# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.11.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है।
2. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने के लिए देश भर में दो करोड़ से ज़्यादा मृत लोगों के आधार नंबर हटा दिए हैं।
3. ''आपकी पूंजी आपका अधिकार'' राष्ट्रीय अभियान के तहत लम्बित और अप्राप्त वित्तीय सम्पतियों की जांच और निपटान के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा।
4. जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने राष्ट्रीय टेली–मानस कार्यक्रम के तहत आज से दस दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शुरू किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। श्री मोदी ने स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी नवाचार के लिए खोल दिया है, जिससे स्टार्टअप और उद्योग, देश के वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ मिलकर काम कर सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्षों में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ेगी और देश के युवाओं के लिए अपार नए अवसर खोलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले छह से सात वर्षों में भारत ने अपने अंतरिक्ष क्षेत्र को एक खुले, सहयोगी और नवाचार–संचालित पारिस्थितिकी तंत्र में बदल दिया है। आज तीन सौ से अधिक अंतरिक्ष स्टार्टअप भारत के अंतरिक्ष भविष्य को नई उम्मीद दे रहे हैं।

<><><><><><><>

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण –यू आई डी ए आई ने आधार आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने के लिए देश भर में दो करोड़ से ज़्यादा मृत लोगों के आधार नंबर हटा दिए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि यू आई डी ए आई ने यह डेटा भारत के महापंजीयक कार्यालय तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि कोई भी आधार नंबर कभी भी किसी अन्य व्यक्ति को दोबारा नहीं दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि किसी व्यक्ति की मौत हो जाने पर यह आवश्यक है कि उसका आधार नंबर हटा दिया जाए ताकि पहचान में धोखाधड़ी या उस व्यक्ति को मिलने वाले फायदे पाने के लिए ऐसे आधार नंबर के बिना अनुमति के उपयोग पर रोक लगाई जा सके। इस बीच, यू आई डी ए आई ने आधार नंबर धारकों से कहा है कि वे मृत्यु पंजीकरण अधिकारी से मृत्यु प्रमाण–पत्र लेने के बाद अपने परिवार के सदस्यों की मौत की रिपोर्ट myAadhaar पोर्टल पर अवश्य सूचित करें। प्राधिकरण ने इस वर्ष की शुरुआत में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से myAadhaar पोर्टल पर 'परिवार के सदस्य की मौत की रिपोर्टिंग' नाम की सुविधा शुरू की थी।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक डॉ कैलाश चन्द्रा ने कहा भारत सरकार ने जीव जन्तुओं की नई खोजी गई प्रजातियों के नाम रखने का मौका जीव–जैव विविधता प्रेमियों को दिया है। उन्होंने आज द्वीप पारिस्थितिकीय तंत्र के तटीय और समुद्री जैव–विविधता पर तीन दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर इसकी जानकारी दी। अपने संबोधन में उन्होंने समुद्री जीव विविधता के महत्व को रेखाकिंत करते हुए कहा कि यह द्वीप समूह भारत के चार जैव विविधता वाले जगहों में से एक है। उन्होंने समुद्री सतह के बढ़ते स्तर और तापमान में वृद्धि से हो रहे प्रभाव पर चिन्ता व्यक्त की। इस अवसर पर क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ शिवापेरूमन ने कहा कि केन्द्र सरकार दक्षिण अंमाडान में देश की पहली राष्ट्रीय कोरल रीफ अनुसंधान संस्थान स्थापित करेगी। कार्यशाला उनतीस नवम्बर तक चलेगी। इस कार्यशाला में सेना, पुलिस और विभिन्न विभागों के बीस से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से आयोजित की जा रही है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह की यूनियन टेरिटरी लेवल बैंकर्स कमेटी की ओर से कल श्री विजयपुरम स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सम्मेलन कक्ष में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर ‘‘आपकी पूंजी आपका अधिकार’’ राष्ट्रीय अभियान के तहत लम्बित और अप्राप्त वित्तीय सम्पतियों की जांच और निपटान में सहायता करेगा। यह पहल वित्तीय सेवा विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य वित्तीय नियामकों के सहयोग से चलाई जा रही है। द्वीप समूह में अब तक करीब चौहत्तर हजार से अधिक खातों में चवालीस करोड़ रूपए की बिना दावें की राशि

जमा है। शिविर में मौके पर दावों का सत्यापन और निपटान किया जाएगा। लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के तटरक्षक बल की ओर से कल मैरीटाइम खोज और बचाव अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। यह अभ्यास क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और राहत कार्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने राष्ट्रीय टेली–मानस कार्यक्रम के तहत आज से दस दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शुरू किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगी। इसके तहत टेली–मानस और जी बी अस्पताल के मनोचिकित्सकों परामर्शदाताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीम छात्रों को तनाव प्रबंधन भावनाओं को नियंत्रित करने, मुकाबला करने की रणनीतियां और जल्दी मदद लेने के तरीकों पर प्रशिक्षण देगी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अटठारह विभागों के छात्र और छात्राएं भाग लेंगे। आज पहले दिन के सत्र में भूगोल और वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी शामिल हुए। यह कार्यक्रम आठ दिसम्बर तक चलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग ने हाल ही में मायाबंदर के PM श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया। यह दिवस हर वर्ष उन्नीस सौ चौरासी के भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को याद करते हुए पर्यावरण सुरक्षा और प्रदूषण

रोकथाम के महत्व को रेंखाकित करता है। कार्यक्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के लाइब्रेरियन वी. सत्यनारायण ने छात्रों को प्रदूषण और पर्यावरण सुरक्षा पर पावर प्वॉइन्ट के माध्यम से जानकारी दी। कार्यक्रम में कलाकार पी. सेंथिल कुमार और लाइब्रेरियन ने छात्रों और शिक्षकों को "स्वच्छता ही सेवा" और "स्वच्छ राष्ट्र बनाना है" संदेश वाले कपड़े के थैले वितरित किए।

<><><><><><><>

देहरादून के राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज– आर आई एम सी में जनवरी दो हजार छब्बीस सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा सात दिस्मबर को टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में सुबह साढ़े नौ बजे से आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को परीक्षा से एक घंटा पहले कॉलेज पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><><>